वर्ष- 3 , अंक- 136
छपरा
18 अप्रैल शनिवार
2026
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## कर्नाटक में सड़क हादसा, कार सवार परिवार के 6 छह सदस्यों की मौत, दो मासूम गंभीर

यादगिरि (कर्नाटक),एजेंसी। कर्नाटक के यादगिरि जिले के सुरपुर तालुक के देवापुर के पास कार और निजी बस के बीच हुई टक्कर में एक ही परिवार के छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। कार यादगिरि से रायचूर और कार और बेंगलुरु से कलबुर्गी जा रही थी। टक्कर के बाद कार और बस दोनों में आग लग गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन दल की टीम ने आग पर काबू पाया। मृतकों की पहचान रायचूर जिले के सिरवार कस्बे के निवासी काउंसलर कृष्णा नायक (50), उनकी पत्नी अनंत कला (45), शरणप्पा (36), उनकी पत्नी निसर्गा (30), पुत्र सिद्धार्थ (3) और शशिकला (30) के रूप में हुई है। यह सभी कार सवार हैं। बताया जा रहा है कि अमावस्या के अवसर पर वेणुगोपाल मंदिर के दर्शन कर लौटते समय यह हादसा हुआ। इस हादसे में कार सवार अथ्विक (5) और एक वर्षीय श्रीनिधि चमत्कारिक रूप से बच गए। दोनों की हालत गंभीर है।उन्हें यादगिरि के यिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यादगिरि के पुलिस अधीक्षक पृथ्विक शंकर ने बताया कि कार में एक ही परिवार के आठ लोग सवार थे, जिनमें से छह की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो बच्चे घायल हो गए। कार के ओवरटेक करने की कोशिश में यह हादसा हुआ। टक्कर के बाद बस कार को करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गई। इस संबंध में सुरपुर पुलिस थाने में मामला दर्ज किया गया है।

## पाकिस्तानी हैंडलर्स के हाथ में थी 'कमांड', राजस्थान में सैन्य क्षेत्रों में लगे सोलर कैमरों से हो रही थी लाइव जासूसी



**जयपुर,एजेंसी।** राजस्थान में अलवर एवं बीकानेर के सैन्य क्षेत्रों की जासूसी का मामला सामने आया है। इसके लिए सैन्य छावनी क्षेत्रों में सौर उर्जा संचालित सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे।

इन कैमरों को पाकिस्तानी हैंडलर्स ऑपरेट कर रहे थे, जिसका लाइव फुटेज पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ को भेजा जा रहा था। इन कैमरों को दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने हटवाया है।

एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। दिल्ली और पंजाब में भी ऐसे मामलों में 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया था। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा अलवर एवं बीकानेर में सक्रिय है।

अलवर से एक संदिग्ध को हाल ही में पकड़ा गया है। वहीं अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। इन कैमरों के जरिये सेना की आवाजाही पर नजर रखी जा रही थी।

पूरा नेटवर्क आइएसआइ व प्रतिबंधित आतंकी संगठन बब्बर खालसा से जुड़ा हो सकता है। हालांकि इस बारे में अधिकृत तौर पर सुरक्षा एजेंसी का कोई अधिकारी बोलने को तैयार नहीं है।

## राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का उपराज्यपाल बनने पर दी बधाई



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दुनिया भर में जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तरनजीत सिंह संधू को दिल्ली का नया उपराज्यपाल नियुक्त किए जाने पर हार्दिक बधाई दी है। ट्रंप ने भारत और अमेरिका के द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में पूर्व राजदूत तरनजीत सिंह संधू के महत्वपूर्ण योगदान की जमकर सराहना की और उनकी इस नई प्रशासनिक पारी के लिए सफलता की कामना की।सोशल मीडिया पर साझा किए गए अपने संदेश में डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा कि दिल्ली के नए उपराज्यपाल के रूप में तरनजीत संधू का चयन एक सराहनीय कदम है। उन्होंने संधू को एक बेहद अनुभवी और कुशल राजनयिक बताते हुए कहा कि अमेरिका में भारत के राजदूत के तौर पर उन्होंने दोनों देशों के रिश्तों को मजबूत करने में बड़ी भूमिका निभाई है। ट्रंप ने उम्मीद जताई कि संधू के नेतृत्व में दिल्ली प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगी और उनके वैश्विक अनुभव का लाभ देश की राजधानी को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि तरनजीत सिंह संधू ने बीते 11 मार्च को दिल्ली के उपराज्यपाल के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ली थी। दिल्ली हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने उन्हें शपथ दिलाई, जिस दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता सहित कई केंद्रीय मंत्री और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यभार संभालने के बाद संधू ने स्पष्ट किया था कि वह राजधानी की चुनौतियों से निपटने के लिए राजनीतिक सीमाओं से ऊपर उठकर काम करेंगे।

### महिला आरक्षण से जुड़ा बिल 28 वोट से गिरा:

# पक्ष में 298, विपक्ष में 230 वोट पड़े; मोदी सरकार पहली बार बिल पास कराने में नाकाम



**नई दिल्ली,एजेंसी।** महिला आरक्षण बिल से जुड़ा 131वां संविधान संशोधन बिल संसद में गिर गया। बिल के पक्ष में 298 और विपक्ष में 230 वोट पड़े। लोकसभा में 489 सांसदों ने वोट डाले। बिलों को पास कराने के लिए दो तिहाई बहुमत की जरूरत थी। 489 का दो तिहाई 326 होता है। इस तरह बहुमत नहीं मिलने से ये बिल पास 28 वोट से गिर गया।

11 साल के शासन में यह पहला मौका जब मोदी सरकार सदन में कोई बिल पास नहीं करा पाई। इससे पहले अमित शाह ने एक घंटा स्पीच दी थी। कहा था कि अगर ये बिल पास नहीं होते हैं तो इसकी जिम्मेदारी विपक्ष की होगी। विपक्ष अगर वोट नहीं देगा तो बिल गिर जाएगा। देश की महिलाएं देख रही हैं कि उनकी राह का रोड़ा कौन है।इन संशोधित बिलों पर लोकसभा में 21 घंटे चर्चा हुई। कुल 130 सांसदों ने अपने विचार रखें, इनमें 56 महिला सांसद थीं।

**शाह बोले- राहुल प्रियंका से सीखें, कैसा भाषण देते हैं**

शाह ने कहा- मैं टीवी पर विपक्ष के नेता का भाषण सुन रहा था। आपकी जिम्मेदारी है कि सदन की गरिमा बनी रही। वे कहते हैं कायर हैं, सरेंडर कर रहे हैं। असंसदीय शब्दों की भरमार लग जाती है। कभी आंख मारते हैं। ये किस तरह का बिहेवियर है। आपकी भाषा को देश सुन रहा है। संवैधानिक संस्थाओं का अपमान करते हैं। फ्लाइंग किस करते हैं। आंख मारते हैं। सत्र छोड़कर विदेश चले जाते हैं। ये भाषाओं में तीव्रता से बावनाएं व्यक्ति नहीं होती। प्रियंका से थोड़ा सीख लें कि सदन में कैसे बोलते हैं।ये जानबूझकर दिया गया स्टेटमेंट है। हजारों साल पहले रामसेतु बनाने के लिए जिस गिलहरी ने योगदान दिया था, उस गिलहरी को भी यहां याद किया जाता है।

### राहुल बोले- 16 नंबर में सारे राज छिपे, कोई जानता है तो मुझे बताए



मैं आप सभी को एक पहेली देना चाहता हूं। मुझे लगता है देश के लोग इसे सॉल्व कर सकेंगे।कल मैं पीएम को बोलते हुए सुन रहा था। वह टूटे हुए और थके से नजर आ रहे थे। तभी मैंने नोटिस किया कि कल तो 16 अप्रैल थी। वे जल्दबाजी में यह बिल लेकर आए हैं और हम भी जानते हैं। उनके भाषण के दौरान बीच में मैंने अपना फोन देखा जिसमें 16 तारीख थी। मैंने मन में कहा कि हे भगवान यही तो वो नंबर है 16। जिसमें पूरा आंसर छिपा है। अगर आप किसी को कुछ समझ आया तो प्लीज मुझे सोशल मीडिया पर बताएं। आप जल्द ही इस नंबर के रहस्य को जान जाएंगे।

### शाह बोले- विपक्ष बिना सोचे-समझे बस विरोध कर रहे हैं

शाह ने कहा- विपक्ष ने अच्छा बुरा सोचे बिना मोदी जी जो करे रहे हैं, उसका विरोध करने का ठान लिया है। देश की माताओं बहनों के लिए आरक्षण आ रहा है तो लग रहा था विरोध नहीं होगा। लेकिन हो रहा है। मैं अभी बताया कि 2023 में सर्वसम्मति से ये बिल पारित हुआ लेकिन आज कांग्रेस पीछे हट रही है। इसके दो ही कारण हैं- क्योंकि बिल मोदी जी ला रहे हैं और क्रेडिट उन्हें मिलेगा।
मोदी जी ने उन्हें एड देकर क्रेडिट देने का कह दिया फिर भी ये नहीं मान रहे हैं। हमारे नेता ने कहा कि अंतरआत्मा की आवाज से वोट करिए। अंतरआत्मा की आवाज का

## तेलंगाना में एससी-एसटी सामान्य वर्ग से 3 गुना पिछड़े

### राज्य की 242 में से 135 बहुत पिछड़ी; 3.55 लाख लोगों पर सर्वे



**हैदराबाद,एजेंसी।** तेलंगाना में पिछले साल हुए जातिगत सर्वे की रिपोर्ट में अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लोग सामान्य वर्ग से 3 गुना पिछड़े हैं। वहीं, ओबीसी वर्ग 2.7 गुना पिछड़ा है। एससी का पिछड़ापन सूचकांक स्कोर 96, एसटी का 95 और ओबीसी का 86 है।

नियम कहता है कि स्कोर जितना ज्यादा होगा, पिछड़ापन उतना ही अधिक होगा। यानी तेलंगाना में इन जाति वर्ग की सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक स्थिति बहुत पिछड़ी है। सामान्य वर्ग का स्कोर 31 है, जो बेहतर स्थिति है। राज्य में 242 जातियां हैं। इनमें से 67% आबादी यानी 135 जातियां बहुत पिछड़ी हैं।

यह रिपोर्ट पूर्व जस्टिस बी. सुदर्शन रेड्डी की अध्यक्षता वाले पैनल ने सर्वे के बाद तैयार कर राज्य सरकार को सौंपी है।

**सबसे पिछड़ा, सबसे संपन्न समुदाय कौन सा?**

सबसे पिछड़ा है एससी वर्ग का दक्कल समुदाय (स्कोर 116)। सामान्य वर्ग का कापु समुदाय सबसे संपन्न (12) है। जैन का स्कोर 13 और ब्राह्मण का 22 है। 1 लाख से कम कमाने वाले एससी परिवार का पिछड़ापन स्कोर 49 है, जबकि उतनी ही आय वाले सामान्य परिवार का स्कोर केवल 16 है।

## संभल मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार ढहाई गई,अब बुलडोजर बाकी हिस्सों को तोड़ रहा

### DM-SP पहुंचे, भीड़ को खदेड़ा



**संभल,एजेंसी।** संभल में में मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे गिरा दी गई। अब बुलडोजर मस्जिद के बाकी हिस्सों को तोड़ रहा है। इससे पहले, सुबह साढ़े 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक मस्जिद के बाहर की पांच दुकानों को तोड़ा गया। मस्जिद की मीनार तोड़ने के लिए प्रशासन ने दो हाइड्रा मशीनें बुलाईं। एक मजदूर मीनार पर चढ़कर रस्सी को बांधा, फिर उसके दूसरे सिरे को दोनों हाइड्रा मशीनों से बांधा। इसके बाद मशीनों ने खींचकर मीनार को गिरा दिया। मामला मुबारकपुर बंद गांव का है। प्रशासन के मुताबिक, 15 साल पहले सरकारी जमीन पर मस्जिद का निर्माण कराया गया था। फिलहाल, डीएम राजेंद्र पेंसिया और एसपी केके बिश्नोई समेत 50 से ज्यादा पुलिसकर्मी मौके पर तैनात हैं। गांव वाले जुटने लगे तो विरोध की आशंका को देखते हुए पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया।

12 दिन पहले, यानी 5 अप्रैल को मस्जिद पर कार्रवाई होनी थी, लेकिन उस समय बुलडोजर चालक ने मस्जिद की 35 फीट ऊंची मीनार तोड़ने से मना कर दिया था। तर्क दिया था कि मीनार उनके ऊपर गिर सकती है। हालांकि उस दिन मदरसा, पांच दुकानें और मस्जिद का गेट तोड़ दिया गया था।

### नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ सबसे बड़ी जांच शुरू

## 7 पूर्व पीएम 3 राष्ट्रपति, राजा की संपत्ति की जांच, 100 मंत्री अधिकारी भी दायरे में



**काठमांडू,एजेंसी।** नेपाल में भ्रष्टाचार के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री बालेन शाह की सरकार ने 5 सदस्यीय न्यायिक पैनल बनाया है, जो 2006 से लेकर 2025-26 तक सार्वजनिक पदों पर रहे लोगों की संपत्ति की जांच करेगा।

जांच के दायरे में 2005-06 के बाद के सभी 7 प्रधानमंत्रियों को भी शामिल किया गया है। इनमें सुशील कोईराला, पुष्प कमल दहल, माधव कुमार नेपाल, झलनाथ खनाल, बाबूराम भट्टराई, केपी शर्मा ओली और शेर बहादुर देउबा शामिल हैं। इसके साथ ही दो अंतरिम सरकारों के प्रमुख खिलराज रेग्मी और सुशीला कार्की भी जांच के दायरे में आएंगे।

इसमें पूर्व राजा ज्ञानेंद्र शाह भी आएंगे। इसके अलावा तीन राष्ट्रपति राम बरन यादव, विद्या देवी भंडारी और मौजूदा राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल भी जांच के घेरे में होंगे। यह जांच सिर्फ बड़े नेताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें मंत्री, संवैधानिक पदों पर बैठे 100 से ज्यादा लोग और वरिष्ठ नौकरशाह भी शामिल होंगे।

**रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज करेंगे आयोग की अध्यक्षता :** इस 5 सदस्यीय आयोग की अध्यक्षता रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जज राजेंद्र कुमार भंडारी कर रहे हैं। यह पैनल 5 मार्च के चुनाव के कुछ हफ्तों बाद बनाया गया है, जिसमें शाह की पार्टी ने बड़ी जीत हासिल की थी।

## होर्मुज के हालात पर भारत की दो टूक कहा- नाविकों की मौत, जहाजों पर खतरा हमें स्वीकार्य नहीं



**नई दिल्ली,एजेंसी।** भारत ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में मालवाहक जहाजों की सुरक्षा और वहां लगातार बढ़ते तनाव को लेकर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र में भारत ने दो टूक शब्दों में कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य में आम नागरिकों की हत्या और व्यापारिक जहाजों पर मंडराता खतरा किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। भारतीय प्रतिनिधि ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों का सम्मान करने और मध्य पूर्व में तनाव कम करने की पुरजोर वकालत की है।

संयुक्त राष्ट्र में भारतीय राजदूत हरीश पी ने भारत का पक्ष रखते हुए कहा कि ऊर्जा सुरक्षा और अर्थव्यवस्था के दृष्टिकोण से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के माध्यम से होने वाला समुद्री व्यापार भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर गहरा दुख जताया कि वर्तमान संघर्ष के दौरान व्यापारिक जहाजों को सैन्य हमलों का निशाना बनाया गया है। भारतीय राजदूत ने कहा कि इस युद्ध की स्थिति के कारण जहाजों पर कार्यरत कई भारतीय नाविकों को अपनी कीमती जान गंवानी पड़ी है, जो बेहद दुखद और चिंताजनक है। भारत ने स्पष्ट किया है कि बेगुनाह नाविकों की जान जोखिम में डालना या अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक मार्ग में रुकावट पैदा करना वैश्विक स्थिरता के लिए खतरा है। भारतीय प्रतिनिधि ने मांग की कि अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पूरी तरह से पालन सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि होर्मुज से जहाजों की सुरक्षित और बेरोकटोक आवाजाही फिर से बहाल हो सके।

### सबरीमाला केस में 5वें दिन की सुनवाई :

## याचिकाकर्ता बोला : आस्था और विश्वास समय के साथ बदलते हैं, इन्हें कानून से नहीं बदल सकते



**नई दिल्ली,एजेंसी।** केरल के सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 5वें दिन की सुनवाई जारी है। याचिकाकर्ता की तरफ से एडवोकेट राजीव धवन ने कोर्ट से कहा कि आस्था या विश्वास समय के साथ हमेशा बदलते रहते हैं। यह बदलाव सिर्फ किसी कानून के बन जाने से नहीं आता; बल्कि यह बदलाव तो लोगों के बीच से ही उभरकर आता है।

इससे पहले 9 जजों की बेंच ने 15 अप्रैल की सुनवाई में कहा था कि करोड़ों लोगों की आस्था को गलत ठहराना सबसे मुश्किल कामों में से एक है। साथ ही यह भी कहा कि सामाजिक सुधार के नाम पर धर्म को खोखला नहीं किया जा सकता। वहीं मंदिर प्रशासन त्रावणकोर देवस्वोम बोर्ड (TDB) ने कहा कि सबरीमाला कोई खिलौने की दुकान या रेस्टोरेंट का मामला नहीं है। यहां के देवता ब्रह्मचारी हैं। भारत में अयप्पा के लगभग 1,000 मंदिर हैं। अगर महिलाओं को दर्शन करना है, तो वहां जाएं। उन्हें इसी खास मंदिर में क्यों आना है। केरल हाईकोर्ट ने 1991 में सबरीमाला में मासिक धर्म वाली महिलाओं (10-50 साल) की एंट्री पर रोक लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 2018 में बैन हटा दिया। फैसले के खिलाफ कई पुनर्विचार याचिकाएं लगाई गईं, जिसपर अब सुनवाई हो रही है। मंदिर प्रशासन महिलाओं की एंट्री का विरोध कर रहा है।

## उत्तर प्रदेश के बांदा में पारा 44.4 डिग्री, म.प्र.-राजस्थान में लू का अलर्ट

### छत्तीसगढ़ में 11 दिन पहले ही स्कूल बंद, अनूपपुर-डिंडोरी में टाइम बदला



**नई दिल्ली/ भोपाल/ जयपुर/ लखनऊ,एजेंसी।** देश के पश्चिमी राज्य राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र में तेज गर्मी पड़ रही है। उत्तर भारत में दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, चंडीगढ़ और हरियाणा में पारा 35डिग्री से 45डिग्री के बीच पहुंच गया है। मध्य भारत में एमपी, छत्तीसगढ़, झारखंड में भी अगले 3 दिन भीषण गर्मी और लू का अलर्ट है। मौसम विभाग ने कहा है कि 20 अप्रैल तक इन राज्यों में गर्मी और उमस से राहत नहीं मिलेगी। गुरुवार को यूपी के बांदा में तापमान 44.4डिग्री, एमपी के नर्मदापुरम में 43एष्ट, राजस्थान के बाड़मेर में 42.9डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी और हीटवेव के कारण राज्य सरकार ने 11 दिन पहले स्कूलों की गर्मी की छुट्टियां घोषित कर दीं हैं। मध्य प्रदेश के अनूपपुर-डिंडोरी में भी स्कूलों का टाइम बदलकर सुबह 7 से 12 बजे तक कर दिया गया है। कर्नाटक-महाराष्ट्र के ऊपर बना एक एंटी-साइक्लोनिक सिस्टम मध्य भारत की तरफ बढ़ रहा है। इससे तापमान लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को भी ओडिशा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में लू चलेगी। तटीय राज्यों में मौसम उमस भरा रहेगा।

### जम्मू-कश्मीर में ओले गिरने का अलर्ट, पूर्वोत्तर राज्यों में भारी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर, हिमाचल में भारी बारिश हो सकती है। कुछ जिलों में ओले गिरने का भी ऑरेंज अलर्ट है। वहीं उत्तराखंड, पंजाब-हरियाणा, चंड़ीगढ़, दिल्ली और राजस्थान में कुछ इलाकों में बारिश हो सकती है। बात पूर्वोत्तर राज्यों की करें तो असम और मेघालय में भारी बारिश होगी। सिक्किम, गंगा से सटे और हिमालय से लगे बंगाल, अरुणाचल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में आंधी-बारिश का अलर्ट है।

## सोनपुर में अविश्वास प्रस्ताव नाकाम, प्रमुख उपप्रमुख की कुर्सी बरकरार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड पंचायत समिति में प्रमुख मुन्नी देवी और उप प्रमुख रंजीत कुमार के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव शुक्रवार को आवश्यक संख्या के अभाव में विफल हो गया। बैठक में 30 में से केवल 18 सदस्य ही उपस्थित हुए, जबकि मतदान के लिए कम से कम 20 सदस्यों की जरूरत थी। कार्यपालक पदाधिकारी सह बीडीओ अरोमा मोदी ने बताया कि निर्धारित संख्या पूरी नहीं होने के कारण मतदान नहीं कराया गया और प्रस्ताव स्वतः निरस्त हो गया। इसके साथ ही दोनों पदाधिकारियों की कुर्सी बरकरार रह गई। प्रस्ताव विफल होने के बाद समर्थकों में खुशी का माहौल है। वही दूसरे समर्थको में चेहरे पर निराश देखी गयी।

## पहलेजा व हरिहरनाथ में नये थानाध्यक्ष बनाये गए

**पहलेजा के थानाध्यक्ष बने संदीप कुमार-2, हरिहरनाथ थाना के थानाध्यक्ष विकास कुमार-1 बने**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सारण जिले में बेहतर विधि-व्यवस्था संधारण, अपराध नियंत्रण एवं प्रशासनिक सुदृढ़ता को लेकर पुलिस विभाग ने दो थाना में थानाध्यक्षों को शुक्रवार को पदस्थापित किया गया है। इस संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय, सारण द्वारा 17 अप्रैल 2026 को प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। जारी आदेश के अनुसार, पुअनि विकास कुमार-1, जो वर्तमान में तकनीकी शाखा, सारण में पदस्थापित थे, उन्हें हरिहरनाथ थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं पुअनि संदीप कुमार-2, जो भगवान बाजार थाना अनुसंधान इकाई में कार्यरत थे, उन्हें पहलेजा थाना का थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वरीय पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा दोनों अधिकारियों को अविलंब नए पदस्थापन स्थल पर योगदान कर योगदान प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया है।पुलिस प्रशासन का मानना है कि इस फेरबदल से जिले में कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में मदद मिलेगी। बता दे की हरिहरनाथ थाना में थानाध्यक्ष के रूप में पद स्थापित विमलेश कुमार सिंह थे जबकि पहलेजा थाना में थाना अध्यक्ष के रूप में पदस्थापित अनुराधा कुमारी थी ।

## बिहार में नया मुख्यमंत्री, लेकिन सवाल वही क्या बदलेगा या सब कुछ वैसा ही रहेगा

**नीरज कुमार दैनिक खोज खबर मढ़ौरा (सारण)।** बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय शुरू हुआ है, जब सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाया गया है। उन्हें व्यक्तिगत रूप से बधाई, लेकिन यह कहना जरूरी है कि यह बदलाव सिर्फ चेहरे का है या नीति और सोच का भी—यह सबसे बड़ा सवाल है।


(नीरज कुमार- राजनीतिक व सामाजिक चिंतक है, इनके स्वतंत्र विचार हैं।)

भारतीय जनता पार्टी वर्षों से अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत और समर्पण की बात करती रही है। गांव-गांव, बूथ-बूथ पर कार्यकर्ताओं ने संघर्ष किया, लाठी खाई, विरोध झेला और पार्टी को खड़ा किया। लेकिन जब सत्ता का समय आया, तो मुख्यमंत्री ऐसा व्यक्ति बना जिसे राजनीतिक रूप से कई दलों का अनुभव है और जो परिस्थितियों के अनुसार दल बदलते हुए यहां तक पहुंचे हैं। इससे यह साफ संकेत जाता है कि भाजपा में विचारधारा से ज्यादा महत्व सत्ता के गणित को दिया जाता है, और समर्पित कार्यकर्ता सिर्फ भीड़ बढ़ाने का साधन बनकर रह जाते हैं। सामाजिक न्याय की बात करने वाली राजनीति के सामने भी यह फैसला कई सवाल खड़ा करता है। भाजपा को लंबे समय से स्वर्ण समाज का व्यापक समर्थन मिलता रहा है, लेकिन जब नेतृत्व देने की बात आई, तो उस वर्ग को दरकिनार कर दिया गया। इससे यह धारणा और मजबूत होती है कि भाजपा सिर्फ वोट लेने की राजनीति करती है, भागीदारी देने की नहीं। राजद हमेशा से सामाजिक न्याय और सभी वर्गों की भागीदारी की बात करता रहा है, और यही अंतर आज फिर साफ नजर आता है।बिहार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है। बेरोजगारी, पलायन और संसाधनों की कमी जैसे मुद्दे आज भी जस के तस हैं। ऐसे में यह आशंका भी उठ रही है कि क्या नई सरकार राजस्व बढ़ाने के नाम पर शराबबंदी जैसे फैसलों को कमजोर करेगी या खत्म करने की दिशा में जाएगी। यह वही भाजपा है जो नैतिकता की राजनीति की बात करती है, लेकिन जब आर्थिक दबाव आता है तो अपने ही सिद्धांतों से समझौता करने में देर नहीं लगाती। अब देखना यह है कि सम्राट चौधरी इस मामले में जनता के हित को प्राथमिकता देते हैं या सत्ता के दबाव में फैसले लेते हैं। जहां तक स्वर्ण समाज की नाराजगी का सवाल है, तो यह भाजपा की अपनी बनाई हुई स्थिति है। जब आप किसी समाज को सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करेंगे और उसे सम्मानजनक भागीदारी नहीं देंगे, तो असंतोष स्वाभाविक है। सच यह है कि मुख्यमंत्री बदलने से बिहार की तस्वीर नहीं बदलेगी, जब तक सोच और नीतियां नहीं बदलतीं। सम्राट चौधरी के सामने यह मौका है कि वे सिर्फ भाजपा के नेता बनकर न रहें, बल्कि बिहार के हर वर्ग की आवाज बनें। लेकिन अगर वही पुरानी राजनीति जारी रही, तो यह बदलाव सिर्फ नाम का बदलाव बनकर रह जाएगा।

## होम डिलीवरी के माध्यम से गैस का नियमित वितरण जारी

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** ललित भारत गैस एजेंसी जलालपुर द्वारा नियमित रूप से सरकार के निर्देश के अनुसार प्रतिदिन गैस उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी के माध्यम से गैस का वितरण किया जा रहा है। कहीं भी उपभोक्ताओं को गैस के लिए परेशानी नहीं हो रही है। इस आशय की जानकारी एजेंसी के संचालक ई. ललित कुमार सिंह ने देते हुए कहा कि यदि किसी उपभोक्ता को गैस के लिए किसी तरह की परेशानी हो तो सीधे एजेंसी से संपर्क कर अपनी समस्या बता सकते है,जिनका त्वरित निष्पादन किया जाएगा।उन्होने क ई दिनो का विभिन्न गांवो मे एजेंसी के कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को गैस वितरित करने का गूगल लोकेशन मैप भी दिखाया।



## श्री नाथ बाबा रोट पूजन को लेकर बलिया से सारण पहुंच सेंगर कुल के परिवारों को दिया आमंत्रण

**दैनिक खोज खबर/एकमा/मांझी (सारण)।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रसड़ा क्षेत्र स्थित नागपुर गांव में आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 श्री नाथ बाबा रोट पूजन समारोह को लेकर पूजा आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य शुक्रवार को बिहार के सारण जिले के एकमा और मांझी प्रखंड के नचाप, भुईली, बंगरा आदि विभिन्न गांवों में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सेंगर कुल के राजपूत परिवारों को आमंत्रण पत्र सौंपते हुए समारोह में शामिल होने का आग्रह किया।समिति के सदस्यों ने बताया कि यह भव्य आयोजन शुक्ल ज्येष्ठ मास, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा, दिन सोमवार, 29 जून 2026 को आयोजित किया जाएगा। पूजा का समय प्रातः 6ः30 बजे से सायं 6 बजे तक निर्धारित है। कार्यक्रम का आयोजन श्री नाथ जी मठ, नागपुर (पूजा स्थल, ग्रामसभा-नागपुर), रसड़ा-बलिया में किया जाएगा।उन्होंने बताया कि समारोह में श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, पूजा-अर्चना तथा प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई है। सेंगर कुल के राजपूत समाज के अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है। आयोजक ने बताया की इस पूजा के दौरान होने वाले यज्ञ मंडप की परिक्रमा में लाठी लेकर परिक्रमा करने की परिक्रमा प्राचीन रही है। इसलिए श्रद्धालुओं से लाठी लेकर यज्ञ स्थल पर पहुंचने के लिए आगह किया गया। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष विजेंद्र प्रताप सिंह, सदस्य अरविंद कुमार सिंह (मंटू), राजेश सिंह (भोला), वेद प्रकाश सिंह (रिंकू), भाजपा नेता मुकेश कुमार सिंह, चितरंजन सिंह, जय किशोर सिंह, के. के. सिंह सेंगर, विजय देशबंधु पांडेय, विभूति नारायण तिवारी, संजय कुमार तिवारी, अखिलेश सिंह, अप्पू सिंह, मनीष सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री से कॉरिडोर निर्माण शुरू कराने की रखी गई मांग

# मुख्यमंत्री बनने पर सम्राट चौधरी ने परिवार संग सोनपुर पहुंचकर बाबा हरिहरनाथ मंदिर में की पूजा अर्चना

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी शुक्रवार को सपरिवार सोनपुर पहुंचे, जहां उन्होंने ऐतिहासिक एवं आस्था के प्रमुख केंद्र बाबा हरिहरनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री बनने के बाद पहली बार बाबा हरिहरनाथ मंदिर पहुंचने पर स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं एवं जनप्रतिनिधियों में विशेष उत्साह देखा गया।मंदिर पहुंचने पर उन्हें औपचारिक रूप से गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी दी गई। इसके बाद मुख्यमंत्री परिवार सहित मंदिर परिसर में प्रवेश किए और सीधे गर्भगृह पहुंचकर बाबा हरिहरनाथ के दर्शन किए। मंदिर के मुख्य पुजारी सुशील चंद्र शास्त्री, पवन शास्त्री सहित अन्य पंडा-पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार, पूजा-विधि एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा संपन्न कराई। मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख-समृद्धि, शांति एवं विकास के लिए प्रार्थना की।पूजा-अर्चना के दौरान मंदिर परिसर में धार्मिक वातावरण बना रहा। शंखध्वनि, और मंत्रोच्चार से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। मुख्यमंत्री के साथ आए परिजनों ने भी मंदिर में पूजा कर बाबा हरिहरनाथ का आशीर्वाद लिया। पूजा के उपरांत बाबा हरिहरनाथ मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह एवं कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया तथा बाबा हरिहरनाथ का प्रतीक चिन्ह एवं स्मृति उपहार भेंट किया। इस दौरान मंदिर न्यास समिति के पदाधिकारियों ने मंदिर के विकास, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा पर्यटन की संभावनाओं पर मुख्यमंत्री से चर्चा भी की। मंदिर न्यास समिति के सचिव विजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को एक निवेदन पत्र सौंपते हुए बाबा हरिहरनाथ मंदिर के प्रस्तावित कॉरिडोर निर्माण कार्य को शीघ्र शुरू कराने का अनुरोध किया।मौके पर तरैया विधायक जनक सिंह, अमनौर विधायक मंटू सिंह, छपरा विधायक छोटी कुमारी, मांझी विधायक रणधीर सिंह, एमएलसी सच्चिदानंद राय, पूर्व मंत्री राजू कुमार सिंह,मोहदीनगर विधायक राजेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता उपेंद्र सिंह, भाजपा नेता व सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह, भाजपा के सारण जिलाअध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह सहित भारी सख्या में पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

**मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा का रहा पुख्ता इंतजाम**

मुख्यमंत्री के सोनपुर आगमन पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। मंदिर परिसर, मुख्य मार्गों एवं आसपास के इलाकों में भारी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल, प्रशासनिक अधिकारी एवं विशेष सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर मंदिर परिसर में पूरी तैयारियां थी। मुख्यमंत्री के दर्शन को लेकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, श्रद्धालु एवं समर्थक मंदिर परिसर के बाहर जुटे रहे। लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए क्षेत्र के विकास की उम्मीद जताई। मुख्यमंत्री का यह दौरा धार्मिक आस्था के साथ-साथ सोनपुर के विकास की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बाबा हरिहरनाथ मंदिर कॉरिडोर का कार्य शीघ्र शुरू होता है, तो इससे सोनपुर की पहचान और मजबूत होगी तथा रोजगार एवं पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।



## सोनपुर के पुराना गंडक पुल घाट पर हुआ त्रिवेणी महाआरती

**शंख ध्वनि, गंगा आरती, जगमग दिए से जगमगा उठा पुल घाट**

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर ।** हरिहर क्षेत्र सोनपुर के पुराना गंडक पुल घाट पर बैसाख अमावस्या के पावन अवसर पर त्रिवेणी महाआरती का भव्य आयोजन शुक्रवार शाम को किया गया। माँ तारा सेवा निधि महातीर्थ कौनहारा हरिपुर वैशाली के सौजन्य से एवं महाकाल बाबा के द्वारा बिधि विधान से नारायणी गंगा एवं सोनभद्र पूजन एवं अर्चकों के शंख ध्वनि के साथ गंगा महाआरती किया गया। श्रद्धालुओं के जलाए गए दीपो कि रौशनी से पुराना गंडक पुल घाट जगमगा गया जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिलाओं सहित बच्चे,पुरुष भक्त उपस्थित हुए और अलौकिक आरती का दर्शन कर मंत्रमुग्ध हो गए। समाजसेवी लालबाबू पटेल ने बताया कि माँ तारा सेवा निधि कौनहारा जो सम्पूर्ण हरिहर क्षेत्र के सांस्कृतिक पुनरुत्थान के लिए संकल्पित है, जो महीना के प्रत्येक अमावस्या को सोनपुर के पुराना गंडक पुल भारत बंदना घाट एवं प्रत्येक पूर्णिमा को श्री गजेंद्र मोक्ष धाम कौनहारा महातीर्थ हरिपुर वैशाली एवं प्रत्येक कृष्ण पक्ष दशमी को राजधानी के पटना मे त्रिवेणी महाआरती का भव्य आयोजन बीते कई वर्षो से होते आ रहा है। श्री पटेल ने यह भी कहा कि गंगा हमारी संस्कृति से जुड़ी हुई है यह सनातन धर्म कि धरोहर भी है पवित्र गंगा मां को सुरक्षित रखते हुए इसे स्वक्ष एवं सुंदर स्थल रखें नदी को प्रदूषित नहीं करें गंगा सर्व कल्याण कारी है इसमें स्नान करने से पाप कट जाते हैं और मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। हरिहर क्षेत्र के ऐतिहासिक,पौराणिक एवं सांस्कृतिक विरासत के बारे में जनमानस को अवगत कराकर इस पावन त्रिवेणी संगम पर अर्द्ध कुम्भ का आयोजन किया जाना है, जिसमे सभी धर्मानुरागी सज्जनों के सहयोग की अपेक्षा है ।त्रिवेणी महाआरती का समापन महाकाल बाबा के आशीर्वचनों एवं जनमानस को इस कालजई शुभ कार्य के शुभारम्भ में अपनी भूमिका निभाने की अपील एवं धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना हो, विश्व का कल्याण हो, जैसी ओजस्वी नारों के साथ हुआ ।इस महाआरती को संपन्न कराने में मुख्य रूप से समाजसेवी लालबाबू पटेल ,आचार्य अनिल,अर्जुन, आदित्य, अविनाश,राजा, विपिन ,राजीव ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



## नेशनल योग चैंपियनशिप में सोनपुर के चंदन कुमार चौधरी ने जीता सिल्वर मेडल



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** योग स्पोर्ट्स फाउंडेशन के तत्वावधान में 11 एवं 12 अप्रैल 2026 को महर्षि महेश योगी रामायण यूनिवर्सिटी, अयोध्याधाम उत्तर प्रदेश में दो दिवसीय नेशनल योग चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों से लगभग 500 खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का माहौल उत्साह, अनुशासन और ऊर्जा से भरपूर रहा।प्रतियोगिता में बिहार राज्य के सारण जिला अंतर्गत शिकारपुर गांव (थाना-सोनपुर) निवासी प्रतिभाशाली खिलाड़ी चंदन कुमार चौधरी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से गांव, प्रखंड और पूरे जिले में खुशी की लहर दौड़ गई है। चंदन कुमार चौधरी की सफलता पर क्षेत्रवासियों, खेल प्रेमियों और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।

## अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मॉकड्रिल से आग लगने के कारण और बचाव के उपाय किया प्रदर्शन




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** अग्नि सुरक्षा सप्ताह में राजकीय पॉलिटेक्निक छपरा मढ़ौरा में अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने मॉकड्रिल से आग लगने के कारण और बचाव के उपाय का प्रदर्शन किया।एल. कार्यक्रम का नेतृत्व अनुमंडलीय अग्निशमन पदाधिकारी राज किशोर सिंह ने किया.मॉकड्रिल में अग्निशमन कर्मी मनोज कुमार और रूपेश कुमार की महत्वपूर्ण सक्रियता दिखाई. फायर ऑफिसर राज किशोर सिंह ने बताया कि मॉक ड्रिल से छात्र-छात्राओं और संस्था के कर्मियों को आग लगने पर तुरंत एवं सुरक्षित प्रतिक्रिया देने के लिए प्रशिक्षित करना है. कार्यक्रम के दौरान अग्निशमन टीम द्वारा आग बुझाने के विभिन्न तरीकों, अग्निशामक यंत्रों के उपयोग तथा आग लगने वाली जगहों से आपातकालीन निकासी पर जानकारी दी. पोलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अग्नि सुरक्षा केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है. यह प्रशिक्षण छात्र-छात्राओं एवं कर्मचारियों को आपात स्थिति का समाना करने हेतु सक्षम बनाते हैं.

## नामांकन अभियान को लेकर मांझी में जागरूकता रैली, घर-घर पहुंच रहे शिक्षक

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** सारण जिले में शिक्षा विभाग द्वारा 1 से 30 अप्रैल 2026 तक चलाए जा रहे विशेष नामांकन अभियान के तहत प्रखंड क्षेत्र में जागरूकता गतिविधियां तेज हो गई हैं। इस अभियान का उद्देश्य छह वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी बच्चों का नजदीकी सरकारी विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करना है। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय महम्मदपुर के प्रधानाध्यापक वरुण कुमार प्रसाद के नेतृत्व में शिक्षकों, शिक्षिकाओं और स्कूली बच्चों ने ढोल-नगाड़ों और मंजीरों के साथ जागरूकता रैली निकाली।रैली के दौरान टोली बनाकर गांव-गांव भ्रमण किया गया और अभिभावकों को अपने बच्चों का नामांकन कराने तथा नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधानाध्यापक वरुण कुमार प्रसाद ने बताया कि सरकार द्वारा बच्चों को निःशुल्क नामांकन के साथ पाठ्यपुस्तक, कॉपी, स्कूल बैग, छात्रवृत्ति, पोशाक, मध्याह्न भोजन और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। साथ ही विद्यालयों में पीटीएम, सुरक्षित शनिवार, ईको क्लब और बाल संसद जैसी गतिविधियां भी आयोजित होती हैं, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होता है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना समाज और अभिभावकों की जिम्मेदारी है। वही कन्या प्राथमिक विद्यालय गोबरही टोला में भी नामांकन अभियान जोर-शोर से चलाया जा रहा है। विद्यालय के प्रधान शिक्षक बी.के. भारतीय ने बताया कि नामांकन को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रचार गीत तैयार कराया गया है, जिसके माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में बच्चों को खेल-खेल में सीखने की गतिविधियां कराई जाती हैं, जिससे बच्चे उत्साह के साथ पढ़ाई करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय में खेल-कूद, गीत-संगीत और नाट्य कला पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। सभी बच्चे निर्धारित ड्रेस कोड में टाई, बेल्ट, जूते-मोजे और आई-कार्ड के साथ अनुशासन में विद्यालय आते हैं। साथ ही प्रतिदिन गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन और व्यक्तित्व विकास पर भी विशेष ध्यान दिया जाता है। महज दो दिनों में ही नौ नए नामांकन हो चुके हैं और अभियान लगातार जारी है।




## नगरा में उर्वरक उपयोग पर जागरूकता शिविर का किया गया आयोजन

**दैनिक खोज खबर/नगरा(सारण)।** प्रखंड कृषि कार्यालय नगरा सभागार में शुक्रवार को उर्वरकों के संतुलित उपयोग को लेकर एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया.शिविर में किसानों को रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले नुकसान तथा उसके नियंत्रित एवं संतुलित उपयोग के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई.कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने बताया कि अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग से भूमि की उर्वरता घटती है और फसल उत्पादन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है.इसके विकल्प के रूप में जैविक उर्वरकों के उपयोग पर विशेष जोर दिया गया।किसानों को बताया गया कि जैविक उर्वरक न केवल मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखते हैं,बल्कि फसल की पैदावार और गुणवत्ता में भी सुधार करते हैं.शिविर में सहायक तकनीकी प्रबंधक मनोज कुमार मिश्रा, कृषि समन्वयक दीपक कुमार, अनिरुद्ध कुमार सिंह, विजय कुमार सिंह, किसान सलाहकार मनोज कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह,विनोद कुमार चौरसिया, उदय कुमार सिंह, कमलेश्वर राय सहित कई कृषक बंधु उपस्थित रहे.कार्यक्रम के अंत में किसानों से अपील की गई कि वे संतुलित एवं वैज्ञानिक तरीके से उर्वरकों का उपयोग करें, ताकि भूमि की उर्वरता बनी रहे और बेहतर उत्पादन प्राप्त हो सके.



# सिवान के लकड़ी नबीगंज में हथियार के बल पर सीएसपी संचालक से 9.47 लाख की लूट



**परवेज अख्तर/सिवान।** लकड़ीनबीगंज थाना क्षेत्र के बसौली शिव मंदिर स्थित नवनिर्मित पुल से सटे सर्विस रोड पर शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े आठ बजे दो बाइक पर सवार पांच बदमाशों ने हथियार के बल पर स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र संचालक सह नवीगंज बाजार निवासी गौतम प्रसाद के पुत्र गोविंद कुमार उर्फ प्रिंस कुमार से नौ लाख 47 हजार रुपये की लूट कर ली। बदमाशों ने गोविंद के पास मौजूद मोबाइल और बाइक की चाबी भी लूट ली और बसौली मार्ग की तरफ फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही महाराजगंज एसडीपीओ अमन कुमार, लकड़ीनबीगंज थानाध्यक्ष कृष कुमार शुक्ला के अलावा गोरियाकोठी, बसंतपुर और भगवानपुर पुलिस मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गई।मामले में गोविंद कुमार ने बताया कि बसौली मोड़ पर स्टेट बैंक आफ इंडिया का ग्राहक सेवा केंद्र और एटीएम उसके द्वारा संचालित किया जाता है। गुरुवार को एटीएम में मौजूद छह लाख रुपये और पूरे दिन सीएसपी में आए ग्राहकों से जमा रुपये लेकर वह घर चला गया था। शुक्रवार की सुबह 9.47 लाख रुपये बैग में लेकर वह पुनः सुबह अपने ग्राहक सेवा केंद्र को खोलने के लिए बाइक पर सवार होकर आ रहा था तभी पीछे से दो बाइक पर सवार पांच बदमाश आए और उसे ओवरटेक कर रोक लिया और हथियार का भय दिखा कर लूट की घटना को अंजाम दिया। इधर घटना से आक्रोशित लकड़ीनबीगंज, भगवानपुर और बसंतपुर के ग्राहक सेवा केंद्र सचालकों ने अपने अपने सेंटर को बंद कर आक्रोश जताया। बता दें कि घटना स्थल से बसौली मोड़ की दूरी 500 मीटर है और थाना व प्रखंड मुख्यालय की दूरी करीब ढाई किलोमीटर है। ग्रामीणों के अनुसार यह एक सुनसान और ग्रामीण क्षेत्र है इस कारण बदमाशों ने घटना को आसानी से अंजाम दे दिया।

## बिजली मीटर अपडेट के नाम पर साइबर ठगी, खाते से उड़े 85 हजार

**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** साइबर ठगों ने बिजली मीटर अपडेट कराने का झांसा देकर एक उपभोक्ता के खाते से 85 हजार रुपये की ठगी कर ली। इस संबंध में थाना क्षेत्र के रामपुर आमी गांव निवासी अंजनी सिंह ने स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, अंजनी सिंह के मोबाइल पर एक कॉल आया, जिसमें बताया गया कि उनका बिजली कनेक्शन उनकी पत्नी ममता सिंह के नाम पर है और वह अपडेट नहीं है। इसे अपडेट कराने के लिए कॉल करने वाले ने एक लिंक भेजा और 100 रुपये स्कैन कर भुगतान करने को कहा। पीड़ित ने जैसे ही स्कैनर के माध्यम से 100 रुपये ट्रांसफर किया, उनके खाते से दो बार में कुल 85 हजार रुपये की निकासी कर ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## खलिहान में आग लगने से गेहूं के सैकड़ों बोझे जले

**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र स्थित चनचौरा पंचायत के माधोपुर गांव की एक खलिहान में आग लगने से गेहूं के सैकड़ों बोझे जले गये. घटना स्थल पर पहुंची 112 नंबर की पुलिस के अनुसार गुरुवार की आधीरात यह अगलगी की घटना घटी. इसमें एक ही किसान मिथिलेश उपाध्याय उर्फ भूट्टी के एक सौ से ज्यादा बोझा गेहूं के जल गये. स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया. पीड़ित किसान मिथिलेश ने पुलिस से इस संबंध में अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की अपील की है.

## अनियंत्रित स्कॉर्पियो की ठोकर से बाइक सवार घायल

**दैनिक खोज ख़बर /बनियापुर(सारण)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बनियापुर एन एच 331 पर अनियंत्रित स्कार्पियो ने एक बाइक सवार व्यक्ति को ठोकर मार दिया जिससे बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल व्यक्ति की पहचान बनियापुर निवासी विपिन सिंह के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि विपिन सिंह अपने घर से बाइक द्वारा बनियापुर एन एच 331 पर जा रहे थे तभी छपरा से आ रहे एक काला स्कॉर्पियो द्वारा अनियंत्रित होकर उन्हें ठोकर मार दिया गया जिससे वह वहीं पर गिर गए एवं गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने उन्हें उठाकर बनियापुर रेफरल अस्पताल पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों द्वारा उन्हें छपरा रेफर कर दिया गया। इधर बनियापुर पुलिस ने उक्त स्कॉर्पियो को जप्त कर लिया है।

## प्रतापपुर पंचायत सरकार भवन का जीर्णोद्धार, परिसर में आधुनिक जिम की व्यवस्था

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रतापपुर पंचायत में विकास कार्यों की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंचायत सरकार भवन का जीर्णोद्धार कराया गया है। साथ ही भवन परिसर में युवाओं के स्वास्थ्य एवं फिटनेस को ध्यान में रखते हुए आधुनिक जिम के लिए एक से बढ़कर एक व्यायाम उपकरण लगाए गए हैं, जिससे स्थानीय युवाओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है।इसके अतिरिक्त प्रखंड स्तर पर बेहतर सुविधा से युक्त पैक्स गोदाम का भी निर्माण कराया गया है, जिससे किसानों को अनाज भंडारण की बेहतर व्यवस्था उपलब्ध होगी और कृषि कार्यों को मजबूती मिलेगी। इस संबंध में मुखिया किशोर कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत सरकार भवन को आधुनिक स्वरूप देने का उद्देश्य आम जनता को बेहतर प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध कराना है, वहीं जिम की स्थापना से युवा वर्ग स्वस्थ एवं नशामुक्त जीवन की ओर प्रेरित होंगे।मुखिया ने आगे कहा कि किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पैक्स गोदाम का निर्माण कराया गया है, ताकि किसानों को अपनी उपज सुरक्षित रखने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। आने वाले समय में पंचायत में और भी जनहितकारी योजनाओं को लागू किया जाएगा।स्थानीय लोगों ने इन विकास कार्यों की सराहना करते हुए पंचायत प्रतिनिधियों के प्रयास को सराहनीय बताया।

## शराब की सप्लाई करने जा रहा धंधेबाज को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** शुक्रवार की सुबह बाइक से शराब की सप्लाई करने जा रहे एक धंधेबाज को पुलिस ने खदेड़कर गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार धंधेबाज गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के प्यारेपुर गांव का राजेश गिरी बताया जाता है.बताया जाता है कि स्थानीय थाने के एसआइ गुलाबचंद पासवान के नेतृत्व में सारण तटबंध के चिंतामनपुर ढाला के समीप वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था. इसी दौरान बाइक से शराब की सप्लाई करने जा धंधेबाज पुलिस को देखकर भागने लगा जिसे पुलिस वालों ने खदेड़कर पकड़ लिया. पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो एक बोरे में 20 लीटर महुआ निर्मित शराब बरामद हुआ. थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## महाराजगंज में हथियार के साथ इश्तेयाक गिरफ्तार,भेजा जेल



**परवेज अख्तर/सिवान।** महाराजगंज थाना की पुलिस ने हथियार के साथ एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महाराजगंज थाना क्षेत्र के धनछुहा निवासी इश्तेयाक राय उर्फ सूरज है। इसके पास से पुलिस ने एक कट्टा व एक गोली को बरामद किया है। पुलिस ने उसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 15 अप्रैल की संध्या गुप्त सूचना मिली की महाराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत दुधि टोला गांव स्थित अनुग्रह नारायण उमाशंकर सिंह महिला महाविद्यालय महाराजगंज के पास दो व्यक्ति अवैध हथियार के साथ कोई आपराधिक घटना को अंजाम देने वाला है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बताये हुए उक्त स्थान पर पुलिस पहुंचीं तो पुलिस वाहन को देखकर दो व्यक्ति भागने का प्रयास किया। जिसमें से एक व्यक्ति को उपलब्ध बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। जांच एवं तलाशी के क्रम में उसके पास से एक कट्टा एवं एक कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में अपना नाम इश्तेयाक राय उर्फ सूरज बताया। इस कांड में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लागातार छापेमारी की जा रही है। इस संबंध में महाराजगंज थाना अन्तर्गत धारा 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट के तहत कांड दर्ज कर अग्रतर विधि-सम्मत कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष, महाराजगंज एवं थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी शामिल थे।

## शराब के साथ दो अंतरराज्यीय अभियुक्त गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सिवान।** गोरेयाकोठी थाना की पुलिस ने 1218.24 लीटर विदेसी शराब बरामद कर दो अंतरराज्यीय अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार गोरखपुर जिला के खोराबार थाना क्षेत्र के पटवर निवासी राधेश्याम व बांसगांव थाना क्षेत्र के अतरौली निवासी रामनारायण उर्फ प्रद्युम्न कुमार है। दोनों को पुलिस ने पूछताछ के बाद जेल भेज दिया। वहीं एक पिकअप व दो मोबाइल को जब्त किया गया। इस संबंध में एसपी ने बताया कि 16 अप्रैल को गोरेयाकोठी थाना को मद्यनिषेध पटना से सूचना प्राप्त हुई कि अफराद मोड़ के पास रिमझिम होटल के सामने एनएच के पास एक पिकअप पर शराब लदी हुई है, जो उत्तर प्रदेश की तरफ से आकर मशरख की तरफ जाने वाली है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गोरेयाकोठी थाना पुलिस टीम द्वारा अफराद मोड़ के पास छापेमारी कर उक्त पिकअप से कुल 1218.24 लीटर विदेसी शराब बरामद कर दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में उसने अपना नाम क्रमशः राधेश्याम व रामनारायण उर्फ प्रद्युम्न कुमार बताया। छापेमारी टीम में गोरेयाकोठी थानाध्यक्ष मनीष कुमार, गृहरक्षक कमलेश्वर प्रसाद, गृहरक्षक रामसुरेश यादव आदि पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## हत्या आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** बीते रविवार को मिर्जापुर असोईयां चारमुहानी पर चाकूबाजी के दौरान हुई अशर्फी राय के हत्या का मुख्य आरोपी असोईयां निवासी जितेन्द्र राय ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। हत्या के चार दिन बाद आरोपी ने न्यायालय में आत्म समर्पण किया है। वहीं इस संबंध में पुलिस ने बताया कि आरोपी जितेन्द्र राय की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी । पुलिस के दबाव में आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है पुलिस कोर्ट से आरोपी को रिमांड पर लेकर जरूरी कार्रवाई करेगी।

## पुलिस जवान की हत्याकांड में एक गिरफ्तार



**परवेज अख्तर/सिवान।** मुफ्फसिल थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पुलिस जवान हत्याकांड में संलिप्त एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बरहन गोपाल निवासी सचिन कुमार है। पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि 12/13 दिसंबर 25 को सराय थाना वारा अवैध शराब के विरूद्ध छापेमारी की जा रही थी। छापेमारी के क्रम में बीएसएपी टू डेहरी के जवान मधुप कुमार को अज्ञात वाहन द्वारा धक्का मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था। इलाज के क्रम में सदर अस्पताल में उनकी मृत्यु हो गई। उक्त घटना के संबंध में मुफ्फसिल थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। घटना के त्वरित उभेदन हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-वन के नेतृत्व में एसआइटी टीम का गठन किया गया। गठित एसआइटी टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान एवं प्राप्त सूचना के आधार पर कांड का सफल उद्भेदन करते हुए घटना में संलिप्त दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर पूर्व में जेल भेजा जा चुका है। पुनः कांड के अग्रतर अनुसंधान के क्रम में इस कांड में संलिप्त अप्राथमिकी अभियुक्त सचिन कुमार को गिरफ्तार किया गया। अनुसंधान के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि तीन वाहन उत्तर प्रदेश से अवैध शराब लेकर सिवान आ रहे थे। प्राप्त सूचना के आधार पर मुफ्फसिल थाना पुलिस टीम द्वारा छोटपुर बाइपास के पास बैरिकेडिंग कर वाहन चेकिंग किया जाने लगा। इसी क्रम में एक वाहन के चालक ने पुलिस कर्मी को टक्कर मार दी गई तथा अन्य दो वाहन घायल पुलिस कर्मी को रौंदते हुए भाग निकले । गिरफ्तार वाहन चालक द्वारा स्वीकार किया गया है कि वह रामायण चौधरी की गाड़ी से शराब की तस्करी कर रहा था, जिसमें रामायण चौधरी का पुत्र सोनू चौधरी भी सवार था। शराब तस्करी में रामायण चौधरी, अभिमन्यू उर्फ मन्नू नौलखा यादव एवं अन्य व्यक्तियों की शराब तस्करी में संलिप्तता पाई गई है,जिसकी गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी जारी है। विदित हो कि रामायण चौधरी को पूर्व में दिनांक-27 फरवरी को हत्याकांड में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष, मुफ्फसिल थाना एवं थाना के अन्य पुलिस पदाधिकारी / कर्मी शामिल थे।-

## सिवान में थानेदार ने छात्रा की पिटाई कर छत से फेंका, निलंबित

**परवेज अख्तर/सिवान।**दरौली थाना क्षेत्र से पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े करने वाला एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। गाड़ी पार्किंग विवाद में तत्कालीन थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने एक इंटरमीडिएट की छात्रा के साथ न केवल बेरहमी से मारपीट की, बल्कि उसे छत से धक्का देकर नीचे फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना दरौली थाना क्षेत्र के टिकुलिया गांव की है, जहां दो अप्रैल को दो पड़ोसियों के बीच बाइक पार्किंग को लेकर विवाद हुआ था। दोनों पक्षों ने मामला दर्ज कराया था और बाद में न्यायालय से जमानत भी ले ली थी। लेकिन पीड़ित पक्ष का आरोप है कि विपक्षी के प्रभाव और पैसों के बल पर पुलिस ने उन पर दबाव बनाना शुरू कर दिया। घर में घुसकर माता-पिता के बारे में पूछताछ करने लगे।घायल छात्रा की पहचान विजय गोंड की 18 वर्षीय पुत्री रीमा कुमारी गोंड के रूप में हुई है। जो शहर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती है। रीमा ने बताया कि दस अप्रैल को जब उसके माता-पिता घर पर नहीं थे, तभी दरौली थाना प्रभारी एक महिला सिपाही के साथ उसके घर पहुंचे। बिना अनुमति घर में घुसकर वे सीधे छत पर पहुंच गए और उसके माता-पिता के बारे में पूछताछ करने लगे। जब रीमा ने उन्हें बुलाने की बात कही, तो पुलिसकर्मियों ने उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर महिला सिपाही ने उसके बाल पकड़कर थप्पड़ मारा और लाठी से पिटाई की गई।इसके बाद थाना प्रभारी और महिला सिपाही ने जान से मारने की नीयत से उसे छत से धक्का दे दिया। नीचे गिरने से रीमा के दोनों पैर और एक हाथ बुरी तरह टूट गए। घटना के बाद पुलिसकर्मी मौके से फरार हो गए, जो उनकी संवेदनहीनता को दर्शाता है। स्जवनों और स्थानीय लोगों की मदद से रीमा को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र, फिर सदर अस्पताल और अंततः एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।डाक्टरों के अनुसार, रीमा के एक पैर का घुटना पूरी तरह टूट गया है और हाथ की कलाई में गंभीर फ्रैक्चर था, जिसमें आपरेशन कर राड लगाया गया है। फिलहाल वह आईसीयू में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। घटना के बाद स्जवनों का आरोप है कि थाना प्रभारी सादे कपड़ों में अस्पताल पहुंचे और मामले को दबाने की कोशिश की। इस पूरे प्रकरण ने पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने बताया कि पीड़ित पक्ष के आवेदन पर थाना प्रभारी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच के लिए त्रिस्तरीय कमेटी गठित की गई है। साथ ही अविनाश कुमार झा को लाइन हाजिर कर दिया गया है।



## जिलापार्षद ने उठाया नल जल का मुद्दा

**दैनिक खोज खबर/पानापुर (सारण)।** जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को बीडीओ आनंद पांडेय द्वारा नल जल योजना, चापाकल मरम्मती सहित पंचायत की अन्य योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गयी. इस बैठक में जिलापार्षद रत्नेश कुमार भास्कर ने नल जल योजना की बदहाली का मुद्दा उठाते हुए कहा कि रसौली, बकवा, महम्मदपुर, बसहिया, भोरहा एवं कोंध पंचायत में 90 प्रतिशत नल जल खराब स्थिति में है. उन्होंने बीडीओ को आवेदन देकर बंद पड़े नल जल को चालू कराने की मांग की.

## सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर आतिशबाजी




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** सम्राट चौधरी को मुख्यमंत्री बनाए जाने पर शुक्रवार की संध्या मढ़ौरा बाजार में जमकरआतिशबाजी की गई और खुशी मनाई गई। इस दौरान समर्थकों ने बाजार में उपस्थित लोगों और समर्थकों को मिठाई खिलाकर जश्न मनाई। वार्ड-16 की पार्षद रेखा देवी के प्रतिनिधि जितेन्द्र कुमार उर्फ बटलू सिंह के नेतृत्व में जमा हुए समर्थकों ने बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पक्ष में जमकर नारा लगाया?। कहा कि सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार आगे बढ़ेगा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बिहार को सम्राट चौधरी आगे बढ़ाएगे। जितेन्द्र कुमार ने कहा कि सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री बनने से मढ़ौरा की बंद पड़ी चीनी मिल के फिर से खुलने की उम्मीद जगी है। डिप्टी सीएम व गृह मंत्री के रुप में सम्राट चौधरी ने मढ़ौरा की बंद चीनी मिल को चालू कराने की बात कही थी। अब सीएम बनने पर मिल के खुलने की संभावना प्रबल हो गई है। कहा की बिहार को एक युवा और प्रगतिशील सोच रखने वाला सीएम मिला है। सम्राट चौधरी की कार्यशैली से जल्दी ही बिहार में नया बदलाव दिखना शुरु होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा और दुकानदार व गणमान्य उपस्थित थे।

## सोनपुर पहुंचने पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की विधायक छोटी कुमारी ने किया स्वागत

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** राज्य के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी अपने परिवार के साथ प्रसिद्ध हरिहरनाथ मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर छपरा की विधायक छोटी कुमारी एवं उनके पति सह भाजपा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार साह ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। विधायक छोटी कुमारी ने भी मुख्यमंत्री के साथ मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं राज्य की उन्नति की कामना की। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ एवं उत्साह का माहौल देखने को मिला. इस अवसर पर विधान पार्षद सच्चितानंद राय, विधायक कृष्ण कुमार उर्फ मंटू सिंह, विधायक जनक सिंह, विधायक राजू सिंह, विधायक रणधीर सिंह के साथ-साथ भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह, जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता बलवंत सिंह, जदयू जिला अध्यक्ष वैद्यनाथ प्रसाद 'विकल', लोजपा के जिला अध्यक्ष रोबिन सिंह, हम पार्टी के श्रीवास्तव, अशोक कुशवाहा, भाजपा नेता राकेश सिंह, उपेन्द्र सिंह एवं पूर्व मुखिया देवेन्द्र सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# सिवान मंडल कारा में डीएम-एसपी के नेतृत्व में हुई 45 मिनट छापेमारी

**परवेज अख्तर/सिवान।** मंडल कारा में शुक्रवार की सुबह मुख्यालय के आदेश पर डीएम विवेक रंजन मैत्रेय और पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। छापेमारी के क्रम में मुख्यालय के पांच थानों के पुलिस पदाधिकारी, जवान व पुलिस केंद्र से अतिरिक्त बल को बुलाया गया था जिसमें पुरुष व महिला बल शामिल थे। छापेमारी सुबह चार से चार बजकर 45 मिनट तक हुई। अचानक छापेमारी की सूचना पर जेल प्रशासन सहित बंदियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के क्रम में जेल के सभी वार्डों की सघन तलाशी ली गई। लगभग एक घंटे तक चली छापेमारी में जिला प्रशासन को कुछ भी बरामद नहीं हुआ। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जेल में सबसे पहले महिला बंदियों के वार्ड की जांच के लिए डीएम ने महिला पुलिस बल को भेजा। इसके बाद जेल के हर वार्ड में छापेमारी के लिए अलग-अलग पुलिस पदाधिकारियों को जवानों के साथ भेजा गया। इसके बाद डीएम ने जेल कार्यालय का भी निरीक्षण किया। यहां डीएम ने सभी फाइलों को खंगाला। इस संबंध में डीएम ने बताया कि सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में कारागार में किसी भी तरह के गैर कानूनी कार्यों एवं संगठित अपराध के रोकथाम हेतु मंडल कारा में छापेमारी की गई थी। पूर्व में भी इस तरह की छापेमारी की गई थी तथा आगे इस तरह की छापेमारी लगातार की जाती रहेगी। शुक्रवार को छापेमारी में किसी भी तरह का कोई संदिग्ध व गैरकानूनी सामान बरामद नहीं होने की जानकारी जिला पदाधिकारी ने दी। डीएम ने बताया कि आगंतुकों के मिलने एवं




बाहर से सामान आने की स्थिति की सघन समीक्षा की गई। सीसी कैमरा का भी अवलोकन किया गया। इस संबंध में सख्त हिदायत जिला पदाधिकारी के द्वारा जेल प्रशासन को दी गई है। उक्त छापेमारी पर सदर एसडीओ आशुतोष गुप्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमन, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन अजय कुमार सिंह, काराधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा, उपाधीक्षक दिनेश कुमार ठाकुर, सहायक अधीक्षक एवं अन्य कारा कर्मी मौजूद थे।

## डीएम व एसपी नेतृत्व में बीती रात्रि में मंडल कारा, छपरा में की गई औचक छापामारी

**दैनिक खोज खबर/ छपरा।** डीएम वैभव श्रीवास्तव व एसएसपी विनीत कुमार के नेतृत्व में बीती रात छापामारी के क्रम में जेल के सभी बैरक की गहन जाँच की गई। इस क्रम में एक धारदार चम्मच, कुछ कांटी एवं एक हाथ से बनाया हुआ नक्शा बरामद किया गया जिसे जप्त किया गया। जेल के अस्पताल वार्ड में अटेंडेंट के रूप में गंभीर अपराध के तीन बंदी काम कर रहे थे। जिलाधिकारी ने अविलंब तीनों बंदियों को वहाँ की ड्यूटी से हटाकर सामान्य अपराध वाले अन्य वैसे बंदियों को लगाने का निदेश जेल अधीक्षक को दिया जिनका कोई मेडिकल हिस्ट्री नहीं हो। इस संबंध में उनसे कारण पृच्छा भी की गई। जेल में सुरक्षा एवं निगरानी के लिए लगाये गये सभी सीसीटीवी की क्रियाशीलता तथा पावर बैक-अप एवं मेमोरी बैक-अप की जाँच सुनिश्चित करने का निदेश अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर को दिया गया।जेल के आसपास के सभी ऊंचे भवनों में रहने वाले लोगों की लाइन लिस्टिंग कर उनके पूर्व वृत्त का सत्यापन एक सप्ताह में सुनिश्चित करने का निदेश अनुमंडल पदाधिकारी सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर को दिया गया। जेल के प्रवेश द्वार सहित अन्य पॉइंट पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से वल्नरेबल पॉइंट को चिन्हित कर सुरक्षा को सुदृढ़ करने का निदेश कारा अधीक्षक को दिया गया। जिलाधिकारी ने जेल की साफ सफाई एवं सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था को सतत क्रियाशील एवं प्रभावी बनाये रखने का निदेश दिया। निरीक्षण के क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी सदर , पुलिस उपाधीक्षक सहित दर्जन से अधिक पदाधिकारी एवं 170 पुलिस बल मौजूद थे।



